बाल भारती पब्लिक स्कूल पीतमपुरा दिल्ली - ११००३४

कक्षा- पाँचवी **विषय -हिंदी** प्रथम सत्र (२०२०-२०२१)

विषय -हिंदी व्याकरण **उपविषय ---- संज्ञा और उसके भेद**

नाम:------------------------------ कक्षा / भाग :------- तिथि :०५.०५.२०२०

संज्ञा

किसी प्राणी, वस्तु , स्थान या भाव के नाम को संज्ञा कहते हैं।

संज्ञा के तीन भेद होते हैं।

1- व्यक्तिवाचक संज्ञा

2 - जातिवाचक संज्ञा

3 - भाववाचक संज्ञा

व्यक्तिवाचक संज्ञा

व्यक्तिवाचक संज्ञा - किसी एक विशेष व्यक्ति, वस्तु, स्थान के नाम को बतलाऊँ व्यक्तिवाचक संज्ञा मैं कहलाऊँ ।

जैसे: इंडिया गेट ,गंगा, दिल्ली आदि ।

जातिवाचक संज्ञा

जातिवाचक संज्ञा - एक ही जाति की सभी वस्तुओं का बोध करवाऊँ, जातिवाचक संज्ञा मैं कहलाऊँ ।

जैसे: सब्जी, पशु, मंदिर आदि।

भाववाचक संज्ञा

भाववाचक संज्ञा - किसी के गुण, दोष ,दशा तथा भाव का बोध करवाऊँ, भाववाचक संज्ञा मैं कहलाऊँ।

जैसे वीरता ,बुढ़ापा, ईमानदारी आदि ।

अब आपकी बारी

नोट :- आप अपना सारा कार्य उत्तरपुस्तिका में कीजिए ।

प्र.१ नीचे लिखित गद्यांश में से व्यक्तिवाचक, जातिवाचक तथा भाववाचक संज्ञा अलग कीजिए।

दिल्ली भारत की राजधानी है। इसका पुराना नाम इंद्रप्रस्थ है। इसे पांडवों ने बसाया था। दिल्ली में अनेक दर्शनीय स्थान हैं।यहाँ लाल किला, कुतुब मीनार, पुराना किला ऐतिहासिक स्थान हैं । यहाँ अनेक बड़े- बड़े बाजार हैं। दिल्ली का जीवन हलचल से भरा है। दिल्ली में सुविधाएँ भी हैं तो समस्याएँ भी हैं । भीड़ अधिक होने से दुर्घटनाएँ हो जाती हैं।
गर्मियों में पानी और बिजली की कमी हो जाती है।

व्यक्तिवाचक संज्ञा	जातिवाचक संज्ञा	भाववाचक संज्ञा

प्र.२ नीचे लिखे वाक्यों में संज्ञा छाँटकर भेद बताएँ ।

1- मोहन की माताजी अध्यापिका हैं ।

2- शताब्दी तेज चलने वाली गाड़ी है ।

3 -ताजमहल आगरा में स्थित है ।

4 -जवाहरलाल नेहरू भारत के पहले प्रधानमंत्री थे।

5- रामायण और महाभारत प्रसिद्ध महाकाव्य हैं ।

बूझो तो जाने

सामान्य ज्ञान (GENERAL KNOWLEDGE)

प्र.1 - हमारे देश के प्रथम प्रधानमंत्री कौन थे?

प्र.2 - ताजमहल कहाँ पर स्थित है?

प्र.3 -ऐसा कौन सा फल है, जो गर्मी में आता है, सबको भाता है?